राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में "Logging and Timber Grading Skill Upgradation" विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।

राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में **"Logging and Timber Grading Skill Upgradation"** विषय पर दिनांक 21-22 सितम्बर, 2022 को दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिंडौरी, मंडला, सिवनी, छिंदवाडा, उत्तर एवं दक्षिण बालाघाट के उत्पादन वनमण्डल तथा जबलपुर वनमण्डल से सहायक वन संरक्षक, वनक्षेत्रपाल, उप वनक्षेत्रपाल, वनपाल तथा वनरक्षक स्तर के 33 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) म.प्र. द्वारा प्रायोजित किया गया था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस में तकनीकी सत्र में काष्ठ विदोहन योजना, पातन, लॉगिंग, परिवहन, काष्ठगार प्रबंधन, व्यापारिक श्रेणी के काष्ठ का वर्गीकरण, दोहन में लगने वाले विभिन्न अभिलेखों की जानकारी विभिन्न विषय विशेषज्ञों के द्वारा व्याख्यानों के माध्यम से प्रदाय की गई। प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के विषय से संबंधित पाठ्य सामग्री प्रदाय की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में मंडला उत्पादन वनमण्डल के चिहिन्त कूप वन क्षेत्र में प्रशिक्षणार्थियों के समक्ष पातन तथा लॉगिंग का प्रायोगिक प्रदर्शन तथा कालपी काष्ठागार में विभिन्न ग्रेडिंग प्रक्रिया की जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदाय की गई।

प्रायोगिक प्रदर्शन उपरांत प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण विषय से संबंधित उनकी जिज्ञासाओं का समाधान प्रशिक्षण के विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न उत्पादन वनमण्डल से आये प्रशिक्षणार्थियों द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपने अनुभवों को साझा किया गया तथा प्रशिक्षण के मूल्यांकन प्रपत्र में जानकारी प्रदाय की गई। प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षण के सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण में सफलतापूर्वक भाग लेने का प्रमाण पत्र उपस्थित अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा वितरित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री असीम श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन) म.प्र., श्री अमिताभ अग्निहोत्री, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर, श्री रवीन्द्र मणि त्रिपाठी, उप संचालक एवं कार्यालय प्रमुख, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर, श्री अमित कुमार सिंह, सहायक संचालक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री के. के. भारद्वाज, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छिंदवाडा, श्री एस. के. एस. तिवारी, वन संरक्षक, उत्पादन, बैतूल एवं श्री एन.एस. बघेल, सेवानिवृत्त, मंडल प्रबंधक, म.प्र. राज्य वन विकास निगम उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान



प्र॰मु॰व॰सं॰ उत्पादन म॰प्र॰ द्वारा उद्बोधन

मंडला वनमंडल उत्पादन के कूप में प्रायोगिक प्रदर्शन

विषय विशेषज्ञों द्वारा पातन विधि पर मार्गदर्शन

विषय विशेषज्ञों द्वारा लॉगिंग विधि पर मार्गदर्शन

प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ठूंठ ड्रेसिंग विधि पर अध्ययन

मंडला वनमंडल उत्पादन के कालपी काष्ठागार में प्रायोगिक प्रदर्शन

कालपी काष्ठागार में ग्रेडिंग विधि पर विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन सत्र

प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण.पत्र वितरण